समाचार

मुख्यमंत्री ने किया मुख्यमंत्री मितान योजना का वर्चुअल शुभारंभ

(अब घर बैठे मिलेंगे जन्म, मृत्यु, जाति, निवास, विवाह प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाईसेंस)

(टोल फ्री नम्बर 14545 पर कर सकते हैं कॉल)

कोरबा 01 मई 2022 – प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा 01 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर शासन की एक और जनहितैषी योजना मुख्यमंत्री मितान योजना–हमर सरकार हमर द्वार का शुभारंभ वर्चुअल रूप से किया गया। अब लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाईसेंस इत्यादि घर बैठे मिल जाएंगे, उन्हें इसके लिए टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा। यह योजना वर्तमान में प्रदेश के 14 नगर निगमों में लागू की गई है, जिसे क्रमशः विस्तारित करते हुए सभी निकायों में लागू किया जाएगा।

प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रदेश में लागू की गई दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में मुख्यमंत्री मितान योजना का क्रियान्वयन किया गया है। आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने योजना का वर्चुअल रूप से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया, स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव, गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह, जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेडिया सहित मंत्री मण्डल के अन्य सदस्यगण मुख्य सचिव श्री

अमिताभ जैन, नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी. विशेष रूप से उपस्थित थे। योजना के वर्चुअल शुभारंभ के मौके पर कोरबा कलेक्टर कार्यालय स्थित बी.सी.कक्ष में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती रानू साहू, कटघोरा विधायक एवं उपाध्यक्ष मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण श्री पुरूषोत्तम कंवर, निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे, वहीं अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

शासकीय कार्यो को आसान बनाना प्रमुख उद्देश्य – मुख्यमंत्री मितान योजना के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि शासकीय कार्यो को आसान बनाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है, प्रदेश के नागरिकों को शासन से संबंधित कार्यो के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न काटना पड़े, विशेष रूप से विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों व नगरीय सेवाओं से जुड़े कार्य व सुविधाएं सहज रूप से प्राप्त हों, इस पर फोकस किया जा रहा है, इसके लिए मुख्यमंत्री मितान योजना लागू की गई है, सभी नागरिकबंधु योजना का लाभ उठाएं। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री मितान योजना नगर निगमों में लागू की गई है, योजना से जुड़े कार्यो व सुविधाओं के लिए अब लोगों को अपना काम छोड़कर कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपना फीडबैक भी दें। इस मौके पर नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी. ने नगरीय निकायों में छत्तीसगढ़ सरकार की क्रियान्वित जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनमें प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की तथा मुख्यमंत्री मितान योजना के क्रियान्वयन एवं उसकी कार्यप्रक्रिया से अवगत कराया।

घर बैठे मिलेंगे विभिन्न प्रमाण पत्र – इस योजना के अंतर्गत आमनागरिकों को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाईसेंस, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार जैसे प्रमाण पत्रों व कार्यो हेतु अब शासकीय कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पडेंगे, उन्हे इसके लिए टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा, कॉल सेंटर में कॉल करने पर इस हेतु नियुक्त मितान संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचकर उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देगा, यदि दस्तावेज उपलब्ध नहीं है तो उनका मार्गदर्शन करेगा तथा उनके आवश्यक दस्तावेज, स्कैन कर अपने टेबलेट में एकत्रित करेगा एवं उसे वेब पोर्टल में अपलोड कराएगा, आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए उनके प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे तथा प्रमाण पत्र बन जाने के पश्चात संबंधित मितान उस प्रमाण पत्र को संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचाएगा, सिंगल विन्डो सिस्टम पर यह सभी प्रमाण पत्र बनेंगे।